औद्योगिक गलियारों के लिए छह जिले चिह्नित

- इन जिलों में शुरू होगा जमीन खरीदने का काम
- सरकार ने इसके लिए जारी किए दो सौ करोड़

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे पड़ने वाले छह जिलों के दायरे में औद्योगिक गलियारे बनेंगे। यह जिले बाराबंकी, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, जालौन, बांदा हैं। इन जिलों में जमीन खरीदने का काम अब शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सरकार ने मंगलवार को 200 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए बाराबंकी व गोरखपुर में जमीन खरीदने के लिए 50-50 करोड़ रुपये संबंधित जिलों के डीएम को दिए गए हैं। इसी एक्सप्रेसवे के दायरे में आने वाले जौनपुर व गाजीपुर में जमीन के लिए 25-25 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसी तरह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए बांदा व जालौन में जमीन खरीदने को 25-25 करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया है। इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग की विशेष सचिव ने आदेश जारी किया है।